हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 14 मई 2025

9 मुख्यमंत्री की फटकार के बाद एक्सईएन लोगों की ...



10 पीएस नवयुग के नमन विज्ञान संकाय में हरियाणा..



## खबर संक्षेप



साक्षी



कनक

### आदर्श स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**चरखी दादरी।** मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में गांव बौंद कलां स्थित आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों का शानदार परिणाम रहा। कला संकाय में साक्षी ने 500 में से 486 अंक, विज्ञान संकाय में कनक पुत्री अमरपाल सिंह ने 479 अंक, वाणिज्य में भावना ने 474 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया। प्राचार्य कृष्ण दत्त यादव, ओमप्रकाश सिंह यादव, कंवर सिंह यादव , देवराज सिंह यादव ने सभी विद्यार्थियों को उनके शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सनराइज स्कूल का परिणाम रहा उत्कृष्ट

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के सनराइज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बारहवीं कक्षा का परिणाम अव्वल रहा। बारहवीं कक्षा मे कुल 47 छात्रों ने परीक्षा दी थी। सभी छात्र पास हुए। छात्र साजिद ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर बवानी खेड़ा ब्लॉक में अपना नाम रोशन किया है। द्वितीय स्थान पर ईशा ने 90 प्रतिश अंक प्राप्त किए तथा तृतीय स्थान आर्यन 85 प्रतिशत प्राप्त किए। कुल छात्रों में 94प्रतिशत पर एक था और 90प्रतिशत पर एक तथा 80 प्रतिशत से ऊपर 5, 75 प्रतिशत से ऊपर 7, 70 प्रतिशत से ऊपर 6 , 60 प्रतिशत से ऊपर 10 और 55 प्रतिशत से ऊपर 17 छात्रों ने अपना स्थान पाया है। इसी प्रकार कक्षा दसवीं का परिणाम भी अव्वल रहा जिसमें 94 प्रतिशत के साथ टॉपर रहे विद्यार्थी ने अपना नाम बवानी खेड़ा ब्लॉक में रोशन किया। कक्षा दसवीं में कुल छात्र 78 थे।

### राइपनिंग चैंबर के लिए 35 प्रतिशत तक अनुदान

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी के क्षेत्र को बढ़ाने के लिए विशेष अनुदान योजना लागू की गई है। जिसमें राइपनिंग चैंबर पर 1 लाख रुपये प्रति मीट्रिक टन लागत के आधार पर 35 हजार रुपये प्रति मीट्रिक टन के हिसाब से अनुदान राशि दी जाएगी। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. अरूण शर्मा ने बताया कि योजना के तहत अधिकतम 300 मीट्रिक टन पर 1 करोड 5 लाख रुपये तक प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रति लाभार्थी दिए जाते है। बागवानी स्कीम का लाभ उठाने के लिए विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण व पूर्ण दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है।

### मंगलवार करीब चार बजे अचानक बदला मौसम

# अंधड़ से नीमड़ीवाली में गिरा बिजली का टॉवर, बूंदाबांदी ने गर्मी का तोड़ा गुरूर

**मंगलवार सुबह तक दादरी इलाके में बिजली की सप्लाई प्रभावित रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

मंगलवार शाम को अचानक तेज अंधड़ के साथ हलकी बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी ने गर्मी व पारे का गुरुर तोड़ दिया। पारा नीचे लूढकने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। पारा भी दो से तीन डिग्री नीचे लूढक गया। वहीं तेज अंधड़ की वजह से गांव नीमड़ीवाली में बिजली का टॉवर गिर गया। जिससे भिवानी से चरखी दादरी बिजली की सप्लाई भेजी जा रही थी। हालांकि निगम के अधिकारी बिजली की सप्लाई चालू करने में जुट गए,लेकिन मंगलवार सुबह तक दादरी इलाके में बिजली की सप्लाई प्रभावित रही।

मंगलवार करीब चार बजे अचानक पूर्वी हवा तेजी से चली। साथ में हलकी बूंदाबांदी शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक रूक रूक कर बूंदाबांदी होती रही। उसके बाद तेज गति से हवा चलती रही। तेज हवा की वजह से बिजली की सप्लाई भी प्रभावित रही। मौसम के बदलते मिजाज के चलते बिजली का आवागमन जारी रहा।भिवानी शहर के अलावा बवानीखेड़ा, लोहारू, दादरी, बाढ़डा. इलाके में भी हलकी बूंदाबांदी की वजह से पारा नीचे उपर होता रहा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन चंढूनी के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने भागांव निमड़ीवाली मे लाइनो का जाल सा बिछ चुका है व करीब 16 लाइने और बाकी है, जिसके चलते किसान डर के साये में खेती करने को मजबूर है।

उन्होंने कहा कि वे बार-बार सरकार से मांग कर चुके है कि इस गांव की जमीन को अधिग्रहण करके किसी दुसरी जगह बसा दिया जाए और यहा पर सोलर पावर प्रोजेक्ट लगा दिया जाए, परंतु सरकार व प्रशासन या जनप्रतिनिधि इस मुद्दे की और ध्यान ही नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि दिसंबर-2023 मे भी ग्रामीणों व जिला प्रशासन के मध्य इन लाईनों को लेकर टकराव हुआ था। जिसके बाद किसान संगठन गांव के समर्थन मे आए तथा प्रशासन व कमेटी के मध्य फैसला गांव के लिए हुआ, अब सरकार उससे भी मुकर रही है। जिसके बासद दोबारा टकराव की स्थिति बनने की आशंका है। वही दूसरी तरफ बिजली टॉवर गिरने से गांव में बिजली व्यवस्था भी बाधित रही।





भिवानी। गांव नीमड़ीवाली के खेतों में गिरा बिजली का टॉवर व मशीन से टॉवर को उठान का प्रयास करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### पेड़ मे तार उलझने से मात्र दो फुट की ऊंचाई पर बिजली के तार अटक गए

सरकार निजी कंपनियों के सांठ-गांठ कर किसानों की जिंदगी को दांव पर लगाते हुए खेतों में बिजली के टॉवर लगाए जा रहे है। बीती रात्रि आई तेज आंधी में गांव निमड़ीवाली में एक बिजली का टॉवर गिर गया, जिस वक्त वह टॉवर गिरा एक किसान अपने खेत में काम कर रहा था तथा पास में एक पेड़ मे तार उलझने से मात्र दो फुट की ऊंचाई पर बिजली के तार अटक गए, जिसकी वजह से किसान बाल-बाल बचा। वही दूसरी तरफ खेत के पास बने कमरे में उक्त किसान का भाई व भतीजा सोए हुए थे। ऐसे में यदि वह टॉवर वहां गिरता तो हादसा हो सकता था। जिसके बाद मंगलवार को गांव निमड़ीवाली के किसानों ने एक बार फिर से खेतों में लगाए जा रहे बिजली के टॉवरों के विरोध में रोष जताया।

जिसे दुरूस्त करवाने के लिए मंगलवार को विभाग के एसई पुष्पेंद्र, एक्सईन दयानंद रोहिल्ला अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पहुंचे तथा ग्रामीणों सहयोग की अपील की। जिसके बाद क्षेत्रवासियों की बिजली की परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने टैंपरेरी रूप से बिजली के पोल लगाने पर सहमति जताई।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लीला राम सरपंच प्रतिनिधि, मांगेराम सिंहमार, बिजेंद्र सिंहमार, वेद फोगाट, संदीप, धर्मराज, जगदेव सिंहमार, परमजीत, मींटू जालवाल, कूकू गहलावत, संजय, मामन, परमजीत आदि पस्थित रहे।



चरखी दादरी। परीक्षा परिणाम के बाद जश्न मनाते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## एचडी स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम रहा शानदार

- 95 .6 प्रतिशत अंक लेकर कला संकाय से अंजलि सेहलंगा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

सीबीएसई घोषित 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में एचडी स्कूल बिरोहड़ के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 95.6 प्रतिशत अंक लेकर कला संकाय से अंजलि सेहलंगा ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजलि ने इतिहास एवं संगीत में पूरे 100 अंक व राजनीति विज्ञान में 99 अंक प्राप्त किए। वहीं 93.2 प्रतिशत अंक लेकर वृत्तिका बिरोहड़ ने वाणिज्य संकाय में प्रथम रही। वहीं नविता डागर सेहलंगा रसायन विज्ञान में 95 अंक, भौतिक विज्ञान में 94 अंक, जीव विज्ञान में 93 अंक लेकर अपनी संकाय में प्रथम रही। बता दें कि 12 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 27 बच्चों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। परीक्षा परिणाम पर स्कूल प्रबंधन समिति बलराज फौगाट, बलजीत नेहरा, सुरेन्द्र फौगाट एवं रमेश गुलिया ने विद्यालय की प्राचार्या नमितादास, उप प्राचार्य नवीन सनसनवाल, समस्त अध्यापकों एवं अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी।

### एसवीएम वमा विद्यालय के विद्यार्थी छाए

**चरखी दादरी।** सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली द्वारा घोषित 12वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणामों में एसवीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कादमा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से लहराया परचम। कक्षा 12वीं की दीपिका ने 94 प्रतिशत, साक्षी ने 92 प्रतिशत, सोनिका ने 91.1 प्रतिशत व स्वाति 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए व दसवीं कक्षा में जौन्सी ने 96 प्रतिशत, शैली पुत्री जगदीश कुमार ने 94.6 प्रतिशत, सिन्टू पुत्र सुनील कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, अध्यापकों व अभिभावकों का नाम रोशन किया है।

## सामाजिक संगठनों व दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

- ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों के डिस्काउंट व मूल्य निर्धारण पर नियंत्रण रखने की दुकानदारों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी




भिवानी। ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों के डिस्काउंट व मूल्य निर्धारण पर नियंत्रण का विरोध जताते दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले छोटे दुकानदार और पारंपरिक व्यापारी इन दिनों बेहद कठिन दौर से गुजर रहे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्मस की बढ़ती लोकप्रियता और गहरी छूट के दिखावे की नीतियों ने स्थानीय दुकानों को खाली कर दिया है। इसी स्थिति के विरोध में मंगलवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्थानीय दुकानदारों के समर्थन में रोष प्रदर्शन किया तथा सरकार से स्थानीय दुकानदारों को बचाने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्मस पर लगाम लगाने की मांग की।

मंगवलार को स्थानीय दादरी गेट, हनुमान गेट व हांसी गेट में स्वदेशी जागरण मंच, जेसीआई भिवानी स्टार व युवा जागृति एव जन कल्याण मिशन ट्रस्ट ने दुकानदारों के समर्थन में उतरते हुए प्रदर्शन किया तथा कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग ने स्थानीय दुकानदारों की कमर तोड़ दी है, जिसके चलते अब स्थानीय दुकानदार अपने संस्थान बंद करने की कगार पर पहुंच गए है। इस दौरान प्रदर्शनकारी दुकानदारों ने स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि वे ऑनलाईन कंपनियों का बहिष्कार करते हुए स्थानीय दुकानदारों से सामान खरीदे, ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकें। मंच से स्वावलंबी भारत अभियान के जिला समन्वयक अमित बंसल मुंढालिया ने कहा कि ने कहा कि स्थानीय दुकानदारों व स्वदेशी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल का नारा दिया था तथा अभियान में स्वदेशी जागरण मंच ने भी अपनी अहम भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि मोबाइल व इंटरनेट के बढ़ते प्रचलन के दौर में ऑनलाईन शॉपिंग का ट्रेंड वोकल फॉर लोकल की सोच को ध्वस्त कर रहा है, जिसके चलते स्थानीय दुकानदारों का रोजगार छिन रहा है तथा वे आर्थिक मोर्चे पर कमजोर होते जा रहे है, ऐसे में यह लड़ाई सिर्फ बाजार की नहीं, बल्कि स्थानीय पहचान और आजीविका की है। व्यापारी गोपाल कुम्हारीवाला ने कहा कि ऑनलाइन कंपनियों की अनुचित मूल्य नीति, भारी छूट और सरकारी समर्थन ने उनके व्यापार को बर्बादी की कगार पर पहुंचा दिया है।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अंकुर चावलवाला, विजय टुटेजा, पंकज गोयल, मनीष गुप्ता, मोहित कुमार, उमा शंकर अग्रवाल, कपिल शर्मा, राजेश बंसल, विकास गुप्ता, दिनेश दधीची, पवन सैनी, धीरज सैनी आदि मौजूद रहे।



## तमन्ना 98.2 फीसदी अंकों के साथ प्रदेश में छठे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

- प्रज्ञा स्कूल में 120 विद्यार्थियों में से 57 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को घोषित सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में प्रज्ञा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। इसके साथ ही छात्रा तमन्ना ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय निदेशक युद्धवीर सिंह अहलावत, प्रबंध समिति सदस्य सदाराम डबास तथा प्रधान कृष्ण ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय की मेधावी छात्रा तमन्ना ने 98.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में प्रगति ने 469 अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के कुल 120 विद्यार्थियों में से 57 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जिनमें से 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए।

### मेगा माइंड विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई परीक्षा में रचा इतिहास

- कक्षा 10वीं व 12वीं के परिणामों में शानदार प्रदर्शन, मेरिट में 58 विद्यार्थियों ने बनाई जगह

**तोशाम।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं व 10वी के वार्षिक परीक्षा परिणाम में मेगा माइंड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, तोशाम के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं में स्नेहा ने 97.2 प्रतिशत, सिमरन ने 96.3 प्रतिशत तथा यश कुमार ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में स्थान बनाया और विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस वर्ष कुल 26 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जिनमें 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। वहीं कक्षा 10वीं के परिणाम भी उतने ही सराहनीय रहे। रीना ने 96.7 प्रतिशत, कशिश ने 96.4 प्रतिशत, आयुष ने 95.4 प्रतिशत और अंशु ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता का परिचय दिया। कक्षा 10वीं से 32 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की।

## भारतीय सेना के सम्मान में रक्तदान शिविर आज

- आतंकवाद को खत्म करने के लिए कृतसंकल्प भारतीय सेना बधाई की पात्र
- पहलगांव हमले का बदला जिस तरह से भारतीय सेना ने लिया वह गौरव की बात है

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

देश के वीर सैनिकों के सम्मान में आज 14 मई सुबह 9 बजे डा अम्बेडकर कालोनी स्थित गुरू रविदास धर्मशाला में एक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शहीद-ए-आजम वीर ऊधम सिंह प्रदेश महासभा हरियाणा रजि के प्रदेशाध्यक्ष राजू मेहरा व पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र संभ्रवाल ने बताया की भारतीय सेना के पहलगांव हमले का बदला जिस तरह से भारतीय सेना ने लिया यह देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि सरहद पर अपनी जान न्यौछावर करके देश को सुरक्षित हाथों में रखने वाले हमारे वीर सेना के जवानों के सम्मान में युवाओं और युवतियों द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। शिविर महन्त चरणदास महाराज के सानिध्य में होगा। वहीं मुख्य रूप से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा, एसडीएम महेश कुमार, नगर परिषद चेयरमैन भवानी प्रताप सिंह व तहसीलदार सुरेश कुमार उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया की रक्तदान शिविर सहयोगी संस्थाएं के रूप में महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मात्थ ट्रस्ट,एक क़दम हरियाली की ओर व डॉ. आंबेडकर समाज सेवा समिति हनुमान गेट का रहेगा। शिविर में सिविल अस्पताल भिवानी का स्टाफ अपनी सेवाएं देंगे।

### राजीव वत्स बने हसला के जिला महासचिव

**लोहारू।** बीते दिवस सेठ किरोड़ीमल राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में आयोजित हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन की बैठक में कई सदस्यों को सर्वसम्मति ने जिम्मेदारियां सौंपी। हसला के जिला प्रधान महेंद्र सिंह मान ने बताया कि सर्वसम्मति से लोहारू के राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय के राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता राजीव वत्स को जिला महासचिव और सोनू बड़सीवाल को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजीव और सोनू ने अपनी नियुक्ति पर राज्य प्रधान सतपाल सिंधू, जिला प्रधान महेंद्र मान, राज्य कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर सांगवान और प्रदुमन गढ़वाल का आभार जताया। दोनों की नियुक्त पर खंड प्रधान मुकेश धानिया, प्राचार्या पूनम श्योराण, प्रवक्ता उमेदसिंह, राजीव आर्य, अनिल सैनी, सुरेश शर्मा, सुमित श्योरान, डॉ. मधुलिका यादव ने बधाई दी।

### आरओबी निर्माण में तेजी लाने की मांग

# सुप्ररीडेंट इंजीनियर से मिले महापंचायत सदस्य

- ओवरब्रिज निर्माण कार्य की सभी बाधाएं दूर हुए 3 माह बाद भी अधर मे लटका निर्माण कार्य
- जीतू वाला छोर पर खोदा गया 4 फुट का गड्ढे से बना हुआ है दुघर्टना का भय : गोठवाल
- सुपरीटेंडेंट इंजिनियर ने दिया आश्वासन : 10 दिनों में निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई तो कांट्रेक्ट होगा टर्मिनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी। रेलवे पुल के निर्माण में तेजी लाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

रेल अंडरपास महापंचायत के सदस्य रामशरण ठेकेदार के नेतृत्व में सी-52 आरओबी निर्माण बारे मंगलवार को भिवानी के पीडब्ल्यूडी विभाग सुप्ररीडेंट इंजीनियर सुरेंद्र सिंह देशवाल से उनके कार्यालय में मिले तथा निर्माण कार्य में तेजी लाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को टर्मिनेट किए जाने की मांग की। यह जानकारी महापंचायत के संयोजक रोहताश वर्मा ने दी।

ज्ञापन सौंपते हुए रामशरण ठेकेदार व पार्षद शिवकुमार गोठवाल ने अधिक्षक अभियंता को बताया कि ओवरब्रिज निर्माण कार्य की सभी बाधाएं दूर हुए भी 3 माह हो गए है, लेकिन पुल निर्माण एजेंसी (पूनिया कंस्ट्रक्शन कंपनी) काम को तेजी से नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि फिलहाल भी एक माह से काम बंद पड़ा हुआ है या कछुआ चाल से चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई एवं एसडीओ भी इस काम को करवाने में गंभीर नहीं है। ठेकेदार कि सुविधा अनुसार मिली भगत से काम कर रहे हैं। जो देरी का एक कारण है।

#### आर वाल के लिए 4 फुट गहरा गड्ढा खोदा

रामशरण ठेकेदार एवं पार्षद शिवकुमार गोठवाल ने कहा कि जीतू वाला छोर पर आर वाल के लिए 4 फुट गहरा गड्ढा खोदा हुआ है। यूं ही रहा तो बरसात होने पर यहां पर नहर बन जाएगी तथा भयंकर दुर्घटना का भय बना रहेगा। यही नहीं रेलवे विभाग ने डबल लाइन करने के समय फाटक से पैदल आना जाना भी बंद हो गया। लोहारू फाटक भी अधिकतर बंद रहता, शहर में आने जाने वालों, स्कूल के बच्चों, अस्पताल तक जाने वाले मरीजों को, श्याम बाग श्मशान भूमि में दाह संस्कार के लिए आने का रास्ता भी नहीं है। जिसके चलते जनता 4 वर्षो से दुखी हो रही है तथा अब लोगों के सब्र का बांध टुटता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार जान-बूझकर काम करने में देरी कर रहा है, उनकी मंशा लोगों को और अधिक समय तक परेशान रखने कि है। क्षेत्रवासियों की मांग सुनने के बाद सुपरीटेंडेंट इंजीनियर ने मांगों को जायज मानते हुए कहा कि निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है और यदि 10 दिनों से काम करने में तेजी नही दिखाई दी तो कांट्रेक्ट को टर्मिनेट कर दिया जाएगा। इस अवसर पर अनिल कुमार पार्षद, हंसराज प्रजापति, एडवोकेट राकेश पंवार आदि मौजूद रहे।



# युग का 'कराटे किडः लीजेंड्स' से होगा डेब्यू

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्मों 'द लॉयन किंग' और 'मुफासा' में अभिनेता शाहरुख खान के अपने बेटों के साथ मुख्य किरदारों की डबिंग करने के बाद अब अभिनेता अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ ऐसा ही कुछ हॉलीवुड की नई फिल्म 'कराटे किडः लीजेंड्स' में करने जा रहे हैं। इस फिल्म के हिंदी संस्करण में अजय देवगन मिस्टर हान की आवाज बनेंगे जबकि उनके बेटे युग देवगन को ली फॉन्ग की आवाज के रूप में सुना जा सकेगा। ये फिल्म इसी महीने रिलीज हो रही है। हॉलीवुड फिल्मों के डब संस्करणों की भारत में हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में भी खूब लोकप्रियता रही है।

लाइफ Style



# सामंथा

## मुझमें नहीं थी आगे बढ़ने की हिम्मत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जानी जाती हैं। वो अपने तलाक से लेकर अपने स्वास्थ्य तक पर खुलकर बोलती हैं। अब अभिनत्री ने अपने उन दिनों को याद किया जब कुछ भी उनके पक्ष में नहीं जा रहा था और वो काफी परेशान थीं।

सामंथा ने बताया कि उस समय उन्हें सबसे बुरे ख्याल आते थे। फिर कैसे उन्होंने इस पर काबू पाया और इससे उन्हें क्या सीखने को मिला, इसके बारे में भी उन्होंने बात की। हाल ही में गलाटा प्लस के साथ बातचीत में सामंथा ने अपने परेशान करने वाले दौर का जिक्र किया। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे याद है कि एक बार मैं वाकई में उस मोड़ पर पहुंच गई थी, जहां मैंने सोचा था कि बस मैं अब और नहीं कर सकती। मेरे मन में सबसे बुरे विचार आए। जाहिर है कि मुझमें आगे बढ़ने और ऐसा करने की हिम्मत नहीं थी। यह एक साल तक कठिन था। ऐसा कुछ भी नहीं था जो काम कर रहा था, कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था।' सामंथा ने इन विचारों पर काम न करने और उनसे निपटने के लिए क्या किया और कैसे इनसे पीछा छुटाया, इसको लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मैंने स्पष्ट रूप से हिम्मत नहीं हारी, क्योंकि इन विचारों पर काम करने के लिए आपके पास बहुत हिम्मत होनी चाहिए। इसलिए मैंने सोचा मुझे किसी तरह इस सबसे बचने का तरीका ढूंढना होगा। साथ ही अपने जीवन में और चीजों के बारे में सोचना शुरू करना होगा। अब, जब लोग कहते हैं कि वे कठिन समय से गुजर रहे हैं, तो मैं वास्तव में उन्हें इससे गुजरने के लिए कहती हूं। इससे हमेशा कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

हॉलीवुड मसाला



# 'एफ-1' का हिंदी ट्रेलर हुआ रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** निर्देशन जोसेफ कोसिंस्की की बहुप्रतिक्षित हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' का हिंदी ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में ब्रैड पिट के अलावा कई स्टार्स नजर आए। एफ1 एक अमेरिकी स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी एरेन क्रूगर और जोसेफ ने मिलकर लिखी है। इस फिल्म में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप को दिखाया गया है, जिसे एफआईए के सहयोग से बनाया गया है। फिल्म में ब्रैड पिट, डैमसन इदरीस, केरी कॉन्डन, टोबियास मेंजीस, किम बोडनिया और जेवियर बार्डेम ने अभिनय किया है।



# रॉबर्ट डी नीरो 'पाल्मे डी ओर' से होंगे सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता रॉबर्ट डी नीरो को 2025 के कान फिल्म फेस्टिवल में पाल्मे डी'ओर से सम्मानित किया जाएगा। रॉबर्ट डी नीरो को लाइफटाइम अचीवमेंट के तौर पर दिग्गज अभिनेता लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा पाल्मे डी'ओर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। ये सम्मान कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में ही दिया जाएगा। डी नीरो अब तक दो ऑस्कर समेत कई अवॉर्ड्स को पहले ही अपने नाम कर चुके हैं। लियोनार्डो डिकैप्रियो द्वारा डी नीरो को ये सम्मान मिलना और भी खास है। क्योंकि, दोनों एकसाथ काम भी कर चुके हैं। डिकैप्रियो और डी नीरो ने पहली बार 1993 में आई फिल्म 'दिस बॉयज लाइफ' में साथ काम किया था। इसके बाद दोनों 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में फिर एक साथ नजर आए थे। जिसे 2023 के कान्स में आधिकारिक चयन में दिखाया गया था।



# शादी, धोखा, इंटीमेट से भरपूर थ्रिलर फिल्म

**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्मों का तेलुगु दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण होता है। स्टार हीरो न होने के बावजूद मजबूत कहानी वाली फिल्में तेलुगु में अच्छी प्रतिक्रिया पा रही हैं। हाल ही में थ्रिलर, हॉरर, रोमांटिक ड्रामा जॉनर की मलयालम फिल्में ओटीटी पर तहलमका मचा रही हैं। ऐसी ही एक नई मूवी है जिसका नाम है 'चतुरम'। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म साइना प्ले पर मौजूद है। इस फिल्म का तेलुगु डब टाइटल भी 'चतुरम' है। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी, जिसे खूब पसंद किया गया और आज भी एंटरटेनमेंट के लिए यह दर्शकों की अच्छी चॉइस बन रही है। बोल्ड रोमांटिक सस्पेंस थ्रिलर जॉनर में बनी इस फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ भारतन ने किया है। स्वासिका, रोशन मैथ्यू और अलेंसियर ले लोपेज जैसे सितरे अहम किरदारों में नजर आते हैं।



# आमिर- राजकुमार फिर मचाएंगे धमाल

**मुंबई।** '3 इडियट्स' और 'पीके' के बाद आमिर खान और राजकुमार हिरानी की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। 'पीके' 11 साल पहले आई थी, और अब यह सुपरहिट जोड़ी एक नई फिल्म में साथ नजर आ सकती है। दोनों के बीच एक फिल्म के लिए बात चल रही है। '3 इडियट्स' साल 2009 में आई थी, और यह ब्लॉकबस्टर रही थी और कई रिकॉर्ड बनाए गए थे। और फिर इसके पांच साल बाद यह जोड़ी 'पीके' के रूप में एक और सुपरहिट लेकर आई थी। तभी से फैंस आमिर खान और हिरानी की अगली फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और अब इस पर बात बनती नजर आ रही है। राजकुमार हिरानी फिल्म के लिए 3 विचारों पर काम कर रहे थे, और उन्होंने एक सब्जेक्ट फाइनल कर लिया है। हिरानी ने इसके बारे में आमिर खान से चर्चा की।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 और खतरों के खिलाड़ी पर संकट के बादल

नई दिल्ली। टीवी के दो बड़े और पॉपुलर शोज बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी के फैंस के लिए एक निराश करने वाली खबर सामने आ रही है। विवादास्पद रिएलिटी शो 'बिग बॉस' और एडवेंचर शो 'खतरों के खिलाड़ी' इस साल शायद ही ऑन-एयर हो पाए। यानी जिन शोज का दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं, उनके नए सीजन को लेकर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'बिग बॉस' और 'खतरों के खिलाड़ी' के प्रोड्यूसर 'बानी जे एशिया' ने खुद को कलर्स चैनल से अलग कर लिया है। पिछले काफी समय से चैनल और प्रोड्यूसर के बीच मतभेद की खबरें लगातार सामने आ रही थीं और अब रिपोर्ट्स की मानें तो प्रोड्यूसर ने चैनल से मुंह फेर लिया है। यानी इस साल बिग बॉस और रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें दोनों ही रियलिटी शोज कलर्स चैनल पर हर साल एक तय समय पर प्रसारण होते थे, लेकिन अब यह परंपरा टूट सकती है। इस पूरे विवाद पर अभी तक चैनल या प्रोडक्शन हाउस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि हालिया महीनों में क्रिएटिव मतभेद और बजट को लेकर खींचतान इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों ने अलग होने का फैसला कर लिया। फैंस के लिए यह खबर निश्चित ही किसी झटके से कम नहीं है।

## टीवी के महादेव को ऐसे मिली थीं उनकी पार्वती

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर एक्टर मोहित रैना 'देवों के देवः महादेव' से छोटे पर्दे पर छा गये थे। इस सीरियल में वह मसल्स वाले महादेव की भूमिका में नजर आए थे। इस शो के बाद उनके फैंस को उनमें महादेव की छवि नजर आने लगी थीं। मोहित ने साल 2004 में टीवी शो अंतरिक्ष से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वह बंदिनी सीरियल में भी नजर आए थे, लेकिन देवों के देव महादेव उनका सबसे पॉपुलर टीवी शो है। यह शो तीन साल तक चला था. मोहित रैना की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने अदिति शर्मा से शादी रचाई थी. आइए जानते हैं महादेव मोहित को कैसे मिली उनकी 'पार्वती'? मोहित की अदिती शर्मा से मुलाकात दोस्तों के जरिए हुई थी। अदिती नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से हैं. दोस्तों के बीच मिलने के बाद दोनों ने एक-दूजे को ज्यादा समय देना शुरू कर दिया. अच्छे दोस्त बनने के बाद दोनों के अंदर एक-दूजे के लिए फीलिंग जगने लगी। मोहित ने दोस्ती के रिश्ते को प्यार में बदलने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया। एक इंटरव्यू में मोहित ने बताया था, मैं दोस्तों के बीच उनसे मिला था, मैं हमेशा से कहता हूं, 'जो चाहो देखो, जो चाहो पाओ'।



# भारत की पहली हॉरर मूवी 76 साल पहले हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में हॉरर का अपना ही एक रसूख है। हॉरर फिल्में डराती भी हैं और ये खूब पसंद भी की जाती हैं। लेकिन आप भारत की पहली हॉरर फिल्म का नाम जानते हैं? अगर नहीं तो हम आपको बताते हैं। भारत में हॉरर फिल्मों की शुरुआत 1949 में रिलीज हुई 'महल' फिल्म से मानी जाती है। कमल अमरोही निर्देशित यह फिल्म ना सिर्फ अपने समय की सुपरहिट फिल्म थी, बल्कि इसने भारतीय दर्शकों को रहस्य और भूत-प्रेत की कहानियों से रूबरू भी कराया था। 'महल' को बॉम्बे टॉकीज ने प्रोड्यूस किया था, और यह अपने समय की सबसे महंगी फिल्मों में से एक थी।

**फिल्म का बजट** : 'महल' का निर्माण उस समय के हिसाब से बड़े पैमाने पर किया गया था। बताया जाता है कि उस समय फिल्म पर लगभग 12 लाख रुपए (आज के हिसाब से 12-14 करोड़ रुपए) का खर्च आया था. जो 1940 के दशक के लिए एक बड़ी रकम थी। फिल्म का भव्य सेट, शानदार सिनेमैटोग्राफी और मधुबाला जैसे बड़े सितारों की मौजूदगी ने इसे एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट बनाया। कमल अमरोही ने कहानी को रहस्यमय और मनोवैज्ञानिक थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया, ये जॉनर उस समय भारतीय सिनेमा में नया था।



### बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

'महल' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म ने भारत में लगभग 25 लाख रुपए (आज के हिसाब से 200 करोड़ रुपए) की कमाई की, जो उस समय के लिए एक रिकॉर्ड था। दर्शकों ने मधुबाला और अशोक कुमार की जोड़ी को खूब सराहा, और फिल्म के गाने, जैसे आएगा आनेवाला, आज भी क्लासिक माने जाते हैं। इसकी सफलता ने हॉरर और सस्पेंस को भारतीय सिनेमा में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

# कश्मीर पर आधारित फिल्में, जिन्होंने हसीन वादियों के साथ दिखाया खून का मंजर...

*नई दिल्ली। पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद, भारत और पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिंदूर का संघर्ष चल रहा है। कश्मीर पर बनीं कुछ फिल्मों और टीवी सीरीज में भी कश्मीर की हसीन वादियों से लेकर खून तक का मंजर दिखाया गया है। फिल्म रोजा' में हसीन वादियां दिखाई गईं, तो वहीं द कश्मीर फाइल्स में वहां की वास्तविकता से पर्दा उठाया गया।*

### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक'

विक्की कौशल अभिनत फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' 2016 के उरी हमले



और उसके बाद भारत की सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है। 'हाउज द जोश? हाई सर" डायलॉग के साथ इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीता। इसे आप जी5 और डिजनी + डॉटस्टार पर देख सकते हैं। इस फिल्म में उरी में हुई वास्तविक घटनाओं को पेश किया किया।

### रोजा



'रोजा' 1992 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन और सह-लेखन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म में अरविंद स्वामी और मधु ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी की तरह ही फिल्म का संगीत लोगों के दिलों को छू गया। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया। मणिरत्नम की यह फिल्म एक प्रेम कहानी है, जो कश्मीर के तनावपूर्ण माहौल में पनपती है।



### हैदर

जम्मू-कश्मीर की एक और दमदार कहानी शाहिद कपूर की हैदर के रूप में सामने आई है। शाहिद कपूर अभिनीत फिल्म 'हैदर' शेक्सपियर के 'हेमलेट' से प्रेरित है। यह कश्मीर की राजनीति और एक बेटे की अपने पिता के गायब होने के पीछे के रहस्यों की खोज की कहानी है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### द कश्मीर फाइल्स

कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'। भले ही इस फिल्म को विवादास्पद करार दिया गया हो, लेकिन 'द कश्मीर फाइल्स' ने कई घटनाओं से पर्दा उठाया है। इस फिल्म में अनुपम खेर के अभिनय की जमकर तारीफ हुई। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं।



## 78वां कान फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज, 24 मई तक चलेगा यह इवेंट

# आलिया करेंगी डेब्यू; ऐश्वर्या से लेकर करण जौहर तक आएंगे नजर

*पेरिस। मंगलवार 13 मई 2025 से कान फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो चुकी है, यह इवेंट 24 मई तक चलेगा। 78वां कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म जगत के भी कई चर्चित चेहरे अलग-अलग श्रेणियों में फिल्म फेस्टिवल में रौनक बिखरेंगे।*

### आलिया का कान में डेब्यू



78वें कान में आलिया भट्ट, ऐश्वर्या राय बच्चन और फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया सहित कई चर्चित भारतीय फिल्म हस्तियां अलग-अलग श्रेणियों में भाग लेंगी। यूं तो इस फिल्म फेस्टिवल में सबकी निगाहें ऐश्वर्या राय पर रहती हैं। वे करीब 20 साल से भी अधिक समय से इस फेस्टिवल में हिस्सा लेती आ रही हैं। मगर, इस बार आलिया भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया भट्ट इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू कर रही हैं। वे कान के रेड कार्पेट पर लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर नजर आएंगी। इनके अलाव जैकलीन फर्नांडिस और उर्वशी रौतेला के भी शामिल होनी की खबर है।



### शर्मिला टैगोर भी लेंगी हिस्सा

अभिनेत्री शर्मिला टैगोर और सिमी ग्रेवाल सत्यजीत रे की 1970 की क्लासिक फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि' के रिस्टोर वर्जन की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल होंगी। वहीं, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' कान फिल्म बाजार में प्रदर्शित की जाएगी। ऐसे में अनुपम भी फेस्टिवल में हिस्सा ले सकते हैं।

***जूरी सदस्यों में शामिल पायल कपाड़िया*** : इस बार यह भारतीय सिनेमा के लिए कान में गर्व का पल है। दरअसल, पिछले साल की ग्रैंड प्रिक्स विजेता फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' की निर्देशक पायल कपाड़िया इस बार कान फेस्टिवल में जूरी सदस्यों में शामिल हैं।





***कान में पहली बार दिखाई गई यह भारतीय फिल्म*** : 1946 में जब कान की शुरुआत हुई थी तभी से भारतीय फिल्में वहां दिखाई जाने लगी थीं। कान में सबसे पहले भारतीय फिल्म 'नीचा नगर' दिखाई गई थी। फिल्म 'नीचा नगर' ने पहली बार अपनी उपस्तिथि कान में दर्ज कराई थी। इस फिल्म को 'ग्रांड प्रिक्स डू फेस्टिवल इंटरनेशनल डू फिल्म' के अवार्ड से नवाजा गया था। बता दें कि ग्रांड प्रिक्स कान फिल्म फेस्टिवल का एक पुरस्कार है, जो प्रतिस्पर्धी फीचर फिल्मों में से एक को फेस्टिवल की ज्यूरी द्वारा दिया जाता है।

***सिमी ग्रेवाल ने अपने कान रेड कार्पेट लुक की दिखाई झलक*** : निर्देशक सत्यजीत रे की फिल्म 'अरण्येर दिन रात्रि(1970)' के रीस्टोर वर्जन की स्क्रीनिंग कान फिल्म फेस्टिवल में होने वाली है।

### नीरज घेवन की 'होमबाउंड' की कास्ट

इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में नीरज घेवन की फिल्म 'होमबाउंड' का भी चयन हुआ है। फेस्टिवल में फिल्म की कास्ट मौजूद रहेगी। निर्माता करण जौहर भी शामिल होंगे। इनके अलावा दोनों मुख्य कलाकार जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। इस फिल्म का प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन के तहत होगा।



### इंफ्लुएसंर पारुल गुलाटी भी होंगी शामिल

नितांशी गोयल के अलावा कान फिल्म फेस्टिवल में इंफ्लुएंसर, एक्ट्रेस और बिजनेस वूमेन पारुल गुलाटी भी शामिल होंगी, उनका भी इस फिल्म फेस्टिवल में यह डेब्यू है। पारुल गुलाटी 15 से 18 मई तक रेड कार्पेट पर नजर आएंगी। पारुल गुलाटी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फ्रांस से कुछ तस्वीरें भी हैं। साथ ही एक कैप्शन भी लिखा है, 'दिसंबर 2021 में मैं फ्रांस में वेब सीरीज 'मेड इन हेवन' की शूटिंग कर रही थी और मेरे पास शूटिंग से एक दिन की छुट्टी थी। मुझे पता चला कि कान फिल्म फेस्टिवल वाली जगह बस एक घंटे की दूरी पर है। मैं एक बस में चढ़ गई और वहां पहुंच गई। दुख की बात है कि उस दिन वहां बैरिकेड्स लगे हुए थे और मैं रेड कार्पेट या कान थिएटर की सीढ़ियों पर कदम नहीं रख सकी।



## खबर संक्षेप

### मान्यता का नवीकरण 30 दिन में होगा: डीसी

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग की दो सेवाओं को हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार निजी प्ले वे स्कूल को मान्यता देने के लिए 45 दिन की समय सीमा निर्धारित की गई है। इसके अलावा मान्यता का नवीकरण 30 दिन के अंदर किया जाएगा। इन दोनों सेवाओं के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। महानिदेशक या निदेशक को प्रथम शिकायत निवारण अधिकारी जबकि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव , आयुक्त एवं सचिव को द्वितीय शिकायत निवारण अधिकारी बनाया गया है।

### आज रात 8 बजे से होगी ब्लैकआउट की रिहर्सल

**चरखी दादरी।** नागरिकों की जागरूकता को लेकर जिला में 14 मई बुधवार को रात 8 से साढ़े 8 बजे तक ब्लैकआउट की मॉक ड्रिल रिहर्सल जाएगी। सायरन बजने के साथ ही सभी को बिजली ऑफ करनी होगी। सीटीएम जितेंद्र कुमार ने जिला वासियों से आह्वान करते हुए कहा है कि वे ब्लैकआउट के दौरान सरकार द्वारा जारी की गई हिदायतों की पालना करें। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से कहा है कि उनको किसी भी तरह डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन नागरिक सावधान और सतर्क जरूर रहे। उन्होंने बताया कि जिला में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर के रजिस्ट्रेशन के लिए 15 मई को सुबह 10 बजे से लघु सचिवालय के मैदान में कैंप लगाया जाएगा, जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी युवक आ सकता है। उन्हें अपने साथ आधार कार्ड और 10वीं कैसा का प्रमाण पत्र लाना होगा।

### शेड्यूल बनाकर सफाई करवाना सुनिश्चित करें

**भिवानी।** मानसून के सीजन के चलते उपायुक्त महावीर कौशिक ने जिला के सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे मानसून के सीजन से पहले उनके अधीन आने वाली ड्रेन व नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें ताकि बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति न बने और नागरिकों को किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उपायुक्त श्री कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आमजन की समस्या को देखते हुए ड्रेन और नालों की सफाई करवाने के सख्त निर्देश दिए हैं। यह कार्य मानसून आने के सीजन से पहले किया जाना है। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नालों और ड्रेन की सफाई के कार्य का बाकायदा शेड्यूल बनाकर उनके कार्यालय में तुरंत भिजवाएं। इसके साथ ही ड्रेन और नालों की सफाई से पहले और सफाई के बाद की फोटो वीडियो जीपीएस के साथ में अपलोड करें। उन्होंने बताया कि इसी सप्ताह सफाई कार्य की समीक्षा की जाएगी, जिसमें अधिकारियों से सफाई से संबंधित रिपोर्ट ली जाएगी।

---

### एक्सईएन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

# मुख्यमंत्री की फटकार के बाद एक्सईएन लोगों की समस्या जानने मौके पर पहुंचे

एक्सईएन ने क्षेत्रवासियों को दिया आश्वासन, जल्द होगा समस्या का समाधानपेयजल की किल्लत का अब भी समाधान नहीं हुआ तो फिर से कराएंगे सीएम को अवगत: कालिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** दादरी गेट ढाणा रोड पर पेयजल लाइन में लगा वॉल वदादरी गेट ढाणा रोड पर पेयजल समस्या के बाद मौका मुआयना करते एक्सईएन व भाजपा नेता कालिया। फोटो: हरिभूमि

पिछले कई वर्षों से भिवानी शहर में पेयजल की समस्या बढ़ती जा रही है तथा पेयजल समस्या बढ़ती गर्मी के साथ दिनोदिन बढ़ती जाती है, जिसके चलते नागरिक खासे परेशान रहते है।

उन्होंने कहा कि परेशान होकर क्षेत्रवासी रोड जाम कर संबंधित विभाग व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताने को मजबूर होते, लेकिन फिर भी उनकी पेयजल की समस्या ज्यों की त्यों रहती है। शहर में बढ़ती पेयजल की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाने के लिए भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया के नेतृत्व में अनेक लोगों ने बीते दिनों मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दिल्ली में पहुंचकर अवगत करवाया तथा जल्द समाधान की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री सैनी ने तुरंत प्रभाव से भिवानी जिला प्रशासन को पेयजल समस्या से निजात दिलाने के निर्देश दिए। मंगलवार को जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन सूर्यकांत स्थानीय दादरी गेट, ढाणा रोड, कोंट रोड सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई की समस्या से त्रस्त लोगों की समस्या जानने पहुंचे तथा उन्हें जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान एक्सईएन से विभाग के कर्मचारियों को मौके पर बुलाया तथा शहर में बनी पेयजल की किल्लत के बारे में पूरी जानकारी ली तथा कहा कि कर्मचारियों द्वारा पानी छोड़े जाने के बाद भी पानी क्यो नहीं पहुंच रहा। इस बारे में एक्सईएन ने पूरी जानकारी देने की बात भी कही।

#### कई क्षेत्रों में पेयजल समस्या

भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवानदास कालिया ने कहा कि शहर के दादरी गेट, ढाणा रोड, कोंट रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत बनी हुई है, लेकिन अधिकारियों द्वारा इसका स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा, जिसके चलते नागरिक परेशानियों से जूझ रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश देने के बाद मंगलवार को एक्सईएन मौके पर पहुंचे तथा फिर से समाधान का आश्वासन दिया है। कालिया ने कहा कि पेयजल समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो फिर से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर कृष्ण नागर, महाबीर शर्मा, सुरेंद्र इंढौरा, अनिल पेंटर, अनिल डाबला, मोहन, सत्यवान, पवन, प्यारेलाल कायत, बिसंबर कायत, ईश्वर इंढौरा, सोकी डाबला, राज इंढौरा, कमलेश डाबला, शारदा, कमलेश चावला, बिरमा, कविता, सोना, रिंकी, कविता, शारदा, रजनी, माया, नूना व मुस्कान आदि मौजूद रहे।

---



भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# दुर्गा कालोनी में पेयजल को लेकर मचा हाहाकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जीतु वाला जोहड़ के पास स्थित दुर्गा कालोनी में पीने के पानी को लेकर हाहाकार मचा है। यहां हिंदु हाई स्कूल के पास गली नंबर-एक व तीन में महिलाओं ने मंगलवार को एक बार फिर से जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जिला प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करके आक्रोश प्रकट किया।

स्थानीय नागरिकों ने जन संघर्ष समिति के संयोजक व विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कामरेड ओमप्रकाश को बुलाकर उनकी समस्या बारे अवगत कराया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ये गलियां जीतुवाला जोहड़ बुस्टिंग स्टेशन व एमसी कालोनी दुर्गा बुस्टिंग स्टेशन से जुड़ी हुई है, परंतु उंची लाईन होने के कारण पानी के प्रेशर के अभाव में पानी नहीं आ रहा है। जिसके बाद कामरेड ओमप्रकाश ने जेई दीपक से बात करके कहा कि एक कश्मीरी ओड़ के पास लिंक बनाकर यदि पानी दिया जाए तो इनकी गलियों में पानी आ सकता है। उन्होंने विभाग के एसडीओ व कार्यकारी अभियंता से भी आग्रह किया कि वे पीड़ित जनता के पास जाकर उनकी समस्याओं को समझें व उनका समाधान निकालें। इन गलियों के नागरिक कई बार संबंधित विभाग व जिला प्रशासन को अपनी पानी की समस्या से अवगत करा चुके हैं, परंतु वे ध्यान नहीं दे रहे है। इसलिए लोग परेशान है। कामरेड ओमप्रकाश ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस क्षेत्र के पेयजल समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे क्षेत्रवासियों को साथ लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों का घेराव करने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर रिटायर्ड कर्मचारी नेता नरेश शर्मा, सुनीता देवी, धन्नो देवी, आशा देवी, सरस्वती देवी, सुमित्रा देवी, राज मुन्नी देवी, शीला देवी, संतरा देवी, मंजू, कुसम आदि मौजूद रहे।

---

# सरकारी स्कूलों के शानदार परीक्षा परिणाम पर सलाह ने खुशी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- भविष्य में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी और भी बेहतर परीक्षा परिणाम प्रदान करेंगे

स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा मंगलवार को 12वीं कक्षा का निर्धारित समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने पर खुशी जाहिर की। इसके अलावा परीक्षा परिणाम में सरकारी स्कूल के विद्यार्थी द्वारा समूचे प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर सलाह ने शिक्षक वर्ग की जीत करार दिया। सलाह के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजबीर धारेडू ने कहा कि शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. पवन शर्मा व सचिव डा. मनीष नागपाल की अगुवाई में नकल रहित परीक्षा का संचालन किया, जिससे सरकारी स्कूलों ने अपनी प्रासंगिकता सिद्ध की और बेहतर परीक्षा परिणाम दिया।

उन्होंने कहा कि नकल रहित परीक्षा संचालन के लिए सलाह बोर्ड अधिकारियों का दिल से आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी और अधिक कगार उपाय करने की अपेक्षा करता है।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं एवं सुशिक्षित स्टाफ के होते हुए यह सब संभव हुआ है और भविष्य में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी और भी बेहतर परीक्षा परिणाम प्रदान करेंगे। सलाह ने शिक्षक वर्ग का आह्वान किया कि अपने शैक्षणिक दायित्व का निर्वाह करें पूरी निष्ठा से करें, जिससे आपकी निष्ठा और कर्तव्य प्रायणता पर कोई भी किसी प्रकार की उंगली ना उठा पाए।

संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अजय मलिक, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर धारेडू, प्रदेश उपाध्यक्ष समरवीर सिंह, भूपेंद्र मलिक, अरुण दांगी, विवेक फौगाट, शमशेर लौरा, नीरज रोहिल्ला, रमेश नेहरा, जिला अध्यक्ष बीबी गुप्ता, सज्जन तंवर, देवेंद्र अत्री, सलाह संरक्षक पवन शास्त्री, डा. अनिल वशिष्ठ, पूर्व जिला अध्यक्ष लीलूराम वशिष्ठ आदि ने कहा कि सलाह संगठन शिक्षक वर्ग के हितार्थ कार्य करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने में अग्रणी रहेगा। उन्होंने कहा कि सलाह संगठन प्रदेश सरकार से मांग करता है कि सरकार द्वारा बनाए गए मॉडल संस्कृति व पीएम श्री स्कूलों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध किया जाए। मॉडल संस्कृति व पीएम श्री स्कूलों को सीबीएसई से जोडने के चलते स्कूलों में छात्र संख्या कम हुई है। शिक्षा बोर्ड भिवानी की प्रासंगिकता पर भी सवालिया निशान लगा है।

---

### परिणाम की घोषणा होते ही विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ी

# 12वीं एवं 10वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजय चिह्न बनाकर खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने असीम सफलता प्राप्त की व पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए नए शिखर को छुआ। सूरज स्कूल निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में नॉन मेडिकल संकाय से होनहार छात्र इरफान खान पुत्र शबिर मोहम्मद ने 97.6 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

योगेश रोहिल्ला पुत्र राजेश कुमार ने 97.2, उषा पुत्री अनुप सिंह ने 97.0, खुशी पुत्री लक्ष्मण ने 97.0, खुशी पुत्री जोगेंद्र ने 97.0, वंशिका पुत्री हितेश चौहान ने 96.8, साक्षी पुत्री देवेंद्र यादव ने 96.8, खुशी पुत्री सुनील कुमार ने 96.8, अमृता चौरसिया पुत्री अनिल चौरसिया ने 96.8, आशना पुत्री अनिल कुमार ने 96.4, प्रतिभा पुत्री सुनील कुमार ने 96.0, खुशबू यादव पुत्री मुकेश कुमार ने 95.8, प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की टॉप-10 सूची में नाम दर्ज करवाया। इसी के साथ कक्षा 10वीं के घोषित परिणाम में छात्र यश अग्रवाल ने 99.0 प्रतिशत अंक साथ विद्यालय में टॉप किया।

इसी क्रम में छात्र अंशिका यादव ने 98.6, मानसी ने 98.4, आदि ने 98.4, अर्पित राज पाठक ने 98.2, यशु ने 98.2, हरीश ने 98.2, कार्तिक कुमार ने 97.4, पलक यादव ने 97.2, इशिका श्रीवास्तव ने 97, लक्षिता ने 96.6, रितिका ने 96.6, रजत शर्मा ने 96.4, मोहित यादव ने 96.4, शुभम ने 96.2, अंजलि यादव ने 96, रूपेश नरुका ने 95.8 आदि विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की।

---

# उप-चुनाव के लिए मतदाता सूची का किया अंतिम प्रकाशन

- अमीनपुर, चैहड़ कला व गोकलपुरा में होगा उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला निर्वाचक अधिकारी बहल-कम-नगराधीश भिवानी अनिल कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा पंचकूला के अधिसूचना की अनुपालना में हरियाणा पंचायती राज एक्ट 1994 की धारा 163 के नियम नंबर 8 व हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियमावली की धारा 212 के तहत जिला भिवानी के खण्ड बहल के अन्तर्गत आने वाली तीन ग्राम पंचायतों (अमीनपूर, चैहड़ कलां व गोकलपुरा) की मतदाता सूची तैयार की गई है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियमावली, 1994 के नियम 8(2) के अनुसार विधानसभा की 12 सिंतबर 2024 को आधार मानकर ग्राम पंचायतों की वार्डवार मतदाता सूची तैयार की गई है। उक्त नियमावली के नियम 8(4)(9) के तहत खण्ड बहल की गांव अमीनपूर, चैहड़ कलां व गोकलपुरा ग्राम पंचायतों की वार्ड के हिसाब से मतदाता सूचि का अंतिम प्रकाशन किया गया है। उक्त सूची नगराधीश कार्यालय तथा बीडीपीओ बहल के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

---

# आशा वर्कर्स को ग्रास रूट स्तर पर दी कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- आशा वर्कर्स को राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गांव खरक के पीएचसी सेंटर में आशा वर्करों के लिए ग्रास रूट कार्यक्रम व कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पैनल अधिवक्ता बलजीत पुनिया रहे।

पैनल एडवोकेट बलजीत पुनिया ने आशा वर्करों को विभिन्न योजनाओं/ राष्ट्रीय लोक अदालतों/मध्यस्थता से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। आशा वर्करों को राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 15100, किशोर न्याय अधिनियम, पीड़ित महिलाओं के घरेलू हिंसा अधिनियम एवं अधिकार लोक उपयोगी सेवा, जिला विधिक परामर्श केन्द्र योजना की जानकारी दी। उन्होने कहा कि जिला न्यायालय एवं तहसील के सिविल न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में चेक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं वाटर बिल, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले सहित अन्य जैसे मामलों मे दूर-दराज के लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखवाने या किसी तरह की कानूनी सहायता की जरूरत होगी तो वे अपने क्षेत्र की आशा वर्करों से संपर्क कर सकेंगे। आशा वर्करों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तक उनकी बात को पहुंचने में हर संभव मदद करेंगे। इस तरह जरूरतमंद व्यक्ति की कानूनी मदद की जा सकती है।

---

# राजकीय आईटीआई में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट पर सेमिनार आयोजित

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) भिवानी में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में सिविल अस्पताल भिवानी से डॉ. पुनीत शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. पुनीत शर्मा ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रकार, उसके दुष्परिणाम तथा आम जनमानस को इससे होने वाले स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से दैनिक उपयोग की वस्तुओं में मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने मिलावटी खाद्य सामग्री से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रशिक्षक राज कुमार आर्य ने खाद्य पदार्थों के पर प्रकाश डालकर उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ को जागरूक किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह के जागरूकता सेमिनार होने से विद्यार्थियों में जागरूकता व ज्ञान बढ़ता है। इस दौरान अनेक विद्यार्थी व सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।

विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य पदार्थों में मुख्य रूप से आटा, तेल, मसाले, बेसन, मिठाई, दूध व दूध से बनी वस्तुएं आदि शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा का अर्थ इनका सुरक्षित, पौष्टिक और पर्याप्त भोजन की उपलब्धता जरूरी है।

---

### फार्म भरने के साथ-साथ संबंधित एसडीएम कार्यालय में देने होंगे जरूरी दस्तावेज

# आपातकालीन स्थिति में आमजन की मदद के लिए तैयार किए जाएंगे सिविल डिफेंस वालंटियर: डीसी

दसवीं पास योग्यता का प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की कॉपी जमा करवानी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आयोजित मीटिंग में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

सरकार के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में आमजन की मदद करने के लिए जिला में सिविल डिफेंस वालंटियर तैयार किए जाएंगे। इसके लिए नागरिक जिला की वेबसाइट गूगल फार्म पर पंजीकरण कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण के साथ-साथ उनको अपने संबंधित एसडीएम कार्यालय में दसवीं पास योग्यता का प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की कॉपी जमा करवानी होगी। इसके अलावा अपने मोबाइल नंबर की जानकारी भी देनी होगी, यह कार्य किसी भी कार्यदिवस को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कर सकते हैं।

ये जानकारी देते हुए उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि किसी भी आपदा या आपातकालीन स्थिति के दौरान आमजन की मदद के लिए वालंटियर की भी आवश्यकता पड़ती है। हालांकि भारत और पाकिस्तान के बीच शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीजफायर का निर्णय सरकार द्वारा लिया जा चुका है, लेकिन सरकार के निर्देशानुसार किसी भी समय आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सिविल डिफेंस वालंटियर तैयार करने हैं। इनको मुख्य रूप से प्राथमिक उपचार, नागरिकों की रक्षा-सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए कम से कम 18 वर्ष की आयु और दसवीं पास होना जरूरी है। इच्छुक वालंटियर की भारतीय नागरिकता जरूरी है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के बाद में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आपदा प्रबंधन और अग्निशमन विभाग द्वारा जरूरी प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि जरूरत के समय उनकी सेवाएं ली जा सकें।

#### वेबसाइट खोलकर न्यू अपडेट पर जाएं

उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए एक्स सर्विसमैन भी पंजीकरण कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि पंजीकरण के लिए जिला सैनिक बोर्ड, खेल विभाग नेहरू युवा केंद्र, रेड क्रॉस आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यदि आप भिवानी की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण करते हैं तो वेबसाइट खोलकर न्यू अपडेट पर जाकर उसके नीचे बने लिंक एनरोल सिविल डिफेंस वालंटियर इन डिस्ट्रिक्ट भिवानी पर क्लिक करें। क्लिक करने के बाद गूगल फार्म को भरें।

---

# आश्रितों को अनुग्रह राशि देने से बढ़ेगा सैनिकों का मनोबल : सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- देश की रक्षा एवं सुरक्षा में वीर सैनिक जो बलिदान देते है, वह अमूल्य है: बंसल
- अनुग्रह राशि का 30 प्रतिशत हिस्सा माता-पिता के पास रहने का लिया फैसला

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के शहीदों के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने के फैसले तथा अनुग्रह राशि का 30 प्रतिशत हिस्सा माता-पिता के पास रहने का लिया गया फैसले का अग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. की चेयरपर्सन सीमा बंसल ने केंद्र सरकार का आभार जताया है।

इसके अलावा सरकार द्वारा शहीद अग्निवीरों के परिजनों को भी एक करोड़ रूपये की अनुग्रह राशि देने के फैसले का भी उन्होंने आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय के तहत देश की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले सैनिकों और अर्धसैनिक बलों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी, जिससे उनके आश्रितों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम शहीदों की सर्वोच्च बलिदान की मान्यता के रूप में देखा जा रहा है। बंसल ने कहा कि देश की रक्षा एवं सुरक्षा में वीर सैनिक जो बलिदान देते है, वह अमूल्य है। ऐसे में यह सरकार का कर्तव्य है कि उनके परिवारों की देखभाल करें और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए हरसंभव सहायता दें। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से सैनिकों का मनोबल और बढ़ेगा तथा उनके परिवारों को आवश्यक सहयोग मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### वैश्य स्कूल परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट तथा वैश्य मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शिव रतन गुप्ता ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकवृंद को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय के परीक्षा परिणाम लगातार संख्यात्मक ही नहीं गुणात्मक दृष्टि से भी श्रेष्ठतर होते जा रहे हैं जिसका श्रेय जहां एक और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को जाता है वहीं दूसरी ओर यह प्राचार्या एवं शिक्षकवृंद के समयोचित मार्गदर्शन तथा उनकी प्रतिबद्धता, निष्ठा व लगन का भी परिणाम है। 13 मई को सर्वप्रथम सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें वैश्य मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया।



## सीबीएसई व हरियाणा बोर्ड के परिणाम पर झूमे विद्यार्थी

# पीएस नवयुग के नमन विज्ञान संकाय में हरियाणा के टॉपर बने

### पीएस का 12वां का परिणाम 100 प्रतिशत, सात से आठ घंटे पढ़ाई करता था प्रदेश का टॉपर, तोशाम की उपासन के 493 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶तोशाम

तोशाम के पीएस नवयुग विद्यालय के विद्यार्थी नमन वर्मा ने विज्ञान संकाय में हरियाणा टॉप करके विद्यालय में अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसके अलावा विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा जिसमें विद्यालय के होनहार छात्र नमन वर्मा ने विज्ञान संकाय में 500 अंकों में से 493 अंक प्राप्त कर हरियाणा प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त करके अपने माता-पिता विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

नमन वर्मा एक साधारण परिवार से है जिनके पिता एक प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर का काम करते हैं और नमन की माता एक ग्रहणी है। इसके माता-पिता के कम पढ़े लिखे होने पर भी कड़ी मेहनत करके नमन वर्मा ने अपने परिवार व विद्यालय का नाम पूरे भारतवर्ष में रोशन किया है।



**तोशाम।** हरियाणा टॉप टेन सूची में जगह पाने वाले नमन वर्मा का मुंह मीठा करवाते परिजन। *फोटो : हरिभूमि*

#### नमन ने प्रतिदिन सात-आठ घंटे की पढ़ाई

नमन ने बताया कि वह प्रतिदिन करीबन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करता था और मोबाइल आदि का प्रयोग कम से काम करता था। नमन वर्मा नवयुग विद्यालय व अपने शिक्षकों को अपना आदर्श मानता है और अपने इस कामयाबी के पीछे अपने विद्यालय तथा शिक्षकों का अहम योगदान बताता है। इसके अलावा विद्यालय के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक तथा 32 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक तथा अन्य विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की है। इस खुशी के मौके पर विद्यालय की शिक्षण संस्था के निदेशक देवेंद्र सिंह पायल ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार एडवोकेट सत्यवान शयोराण आदि सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने उपलब्धि पर विद्यालय के छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### आदर्श स्कूल कैरू की अपसाना के 493 अंक

**तोशाम।** आदर्श वमावि कैरू की छात्रा तथा गाँव इंदीवाली निवासी अपसाना ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में विषय अर्थशास्त्र में 100 अकाउंट में 100 व्यावसायिक में 99 अंग्रेजी में 98 व हिंदी में 96 अंकों सहित कुल 500 अंको में से 493 अंक लेकर राज्य में चौथा व जिले में प्रथम आकर एक नया अफसाना लिखा है। अपनी इस सफलता पर अपसाना ने बताया कि वह कोचिंग से दूर रहकर स्कूल के बाद रोजाना केवल 6 से 7 घंटे घर पर ही पढ़ाई करती थी। उसका कहना था कि स्कूल में लगने वाली एक्स्ट्रा क्लास का भरपूर फायदा मिला इसके अलावा न ही ट्यूशन और न ही ऑनलाईन पढ़ाई की। अपसाना ने स्कूल में सभी अध्यापक/अध्यापिका बहुत ही अच्छे तरीके से पढ़ाते थे।

## बीके स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶बवानीखेड़ा

बीके. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी सराहनीय रहा। सीबीएसई द्वारा घोषित10वीं व12वीं की परीक्षा परिणाम में बी.के. स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस वर्ष10वीं कक्षा से 77 व12वीं कक्षा से 83 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 10वीं से 38 विद्यार्थियों ने व 12वीं से 24 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट सूची में स्थान बनाया। 12वीं कक्षा के छात्र गर्व विज्ञान ने 96.6प्रतिशत, काम्या (वाणिज्य संकाय) ने 92.2 प्रतिशत,कशिश (कला संकाय) ने 91.4 प्रतिशतअंक प्राप्त किए। 12वीं गणित में गर्व ने 100 में से 100 अंक व संगीत विषयमें प्रांजलने 100 में से 100 व 10वीं में खुशी ने 95.8 % अंक प्राप्त किए। 10वीं गणित में अतुल ने 100 अंक प्राप्त किए।



**बवानीखेड़ा।** परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी।

**12वीं में मैरिट सूचिः** उपेंद्र सिंह ने 93.6, ईशिता ने 93, प्रांजल ने 91.2, डेजी ने 90.4, नवीन व अश्मिता ने 90.2, सिमरन ने 89.6, मेहुल ने 89.2, गर्व ने 89, अंजु ने 88.4,रूपाली ने 87.8, अमन ने 85.8, पूजा ने 85.6, मनस्वी ने 85.4, मुस्कान ने 85.2, रौनक ने 84.8, सुमित ने 83.4,श्वेता ने 82, रींपी ने 81.2, संध्या ने 81 औरकीर्ति ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**कक्षा 10वीं में मैरिट सूचिः** पलक ने 95.4, निशा ने 95.2,कीर्ति ने 93.6, लीना ने 92.4, ईशानवी ने 92, अलिशा व चेस्टा ने 91.6, प्रिंस ने 90.8, विशाल ने 90.6, पलक ने 90.4, गौरव व जीतेश ने 90.2, रवि ने 89.8 सीरत ने 89.6, अंशु ने 89.4, जतिन व जशन खुराना ने 89.2 नैतिक ने 88.8, पलक प्रवेश ने 88.2 अंक प्राप्त किए।

## मॉडल संस्कृति का 100% परिणाम

- विज्ञान में 22 विद्यार्थियों सहित सभी रहे उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶बवानीखेड़ा

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अव्वल रहा। 12वीं कक्षा के कुल 92 विद्यार्थियों में विज्ञान संकाय के 22 विद्यार्थियों ने भी विद्यालय का नाम चमकाने का काम किया। विज्ञान संकाय की भूमि ने 84.02 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय की अव्वल छात्रा रही। विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर, दीपाली प्रकाश, सत्यवान सहित समूचे स्टाफ द्वारा मिलकर विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाया। वहीं प्राचार्या ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 71.01 प्रतिशत रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों के भविष्य की मंगलकामना करते हुए सफलता के टिप्स दिए।



**बवानीखेड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के अव्वल आने पर मुंह मीठा करवाते हुए प्राचार्या संग विद्यालय स्टाफ।

### सिटी स्कूल के विद्यार्थियों गाड़े झंडे, परिणाम उत्कृष्ट

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के सिटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयस में 10वीं व 12वीं कक्षा के सीबीएसई परीक्षा परिणाम अव्वल रहा। 10वीं की कक्षा में कुल 103 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और परीक्षा परिणात शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य मनमोहन सिंह, सेवानिवृत प्राचार्य रमेश जाखड़, शिक्षक मनोज यादव, जितेन्द्र शर्मा, अनूज जाखड़ ने बताया कि उनके विद्यालय के 10वीं कक्षा के कर्णदीप ने 96.2प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, शुभम ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान व आर्यन ने 94.08 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं 12वीं की परीक्षा में 125 बच्चो ने भाग लिया और शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा



**भिवानी।** परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

**भिवानी।** सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में तीनों संकाय यथा विज्ञान संकाय एवाणिज्य संकाय और कला संकाय के 52 विद्यार्थियों ने सी एस ई बोर्ड की परीक्षा दी थी। कक्षा 12वीं में वाणिज्य संख्या की यशवी ने 97.8 अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। विज्ञान संकाय में कृतिका गोयल ने 96.2 अंक प्राप्त कर टॉप किया वहीं कला संकाय में विशाल ने 89.6 अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में दो विद्यार्थियों यशवी एवं कृतिका गोयल ने 95 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं के 24 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त की है जबकि 44 विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने प्रथम श्रेणी में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की। कक्षा दसवीं में सत्र 2024. 25 के दौरान कुल 65 विद्यार्थियों ने सीण्बी एस ई बोर्ड की परीक्षा दी थी। जिसमें 96.6 अंक प्राप्त कर छवि परमार ने टॉप कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक प्राप्त कर प्रतिमान स्थापित किया। वहीं 17 विद्यार्थियों ने 90 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 28 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त की है एवं 57 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। प्राचार्या डॉ निर्मला नीतू ने इस अवसर पर विद्यार्थियों एशिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हिंदी इंटर स्कूल कविता प्रतियोगिता

- विधा विहार स्कूल हलवासिया में 9 मई को किया गया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बवानीखेड़ा

प्रातःकालीन सभा में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के प्रांगण में साहित्य सुधा संगम द्वारा आयोजित हिंदी अंतर विद्यालयी कविता पाठ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तथा विजेता छात्रों का स्वागत और सम्मान किया गया। यह प्रतियोगिता हलवासिया विधा विहार स्कूल, भिवानी में 9 मई 2025 को संपन्न हुई थी । विद्यालय के प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता में तीन वर्ग निर्धारित किए गए थे - बाल वर्ग (कक्षा 3 से 5 तक),किशोर वर्ग (कक्षा 6 से 8 तक) तरुण वर्ग (कक्षा 9 से 12 तक) । इस प्रतियोगिता में जिले के 18 विद्यालयों ने भाग लिया। आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस से कक्षा पांचवीं से पलक कक्षा सातवीं से भावना एवं कक्षा नोवीं से दीक्षा ने सहभागिता की। विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि किशोर वर्ग में भावना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने सभी प्रतिभागी छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद व बधाई दी।



**बवानीखेड़ा।** प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



### आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढिगावा का रिजल्ट शत प्रतिशत

**भिवानी।** ढिगावा कस्बे के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का सीबीएसई बोर्ड द्वारा आज घोषित बारहवीं व दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी शानदार रहा। परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए प्राचार्य राजबीर आर्य ने बताया कि उनके विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है। कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। 12वीं अंकिता पुत्री ध्यान सिंह पहाड़ी ने कला संकाय में कुल 500 में से 483 अंक लेकर प्रथम , श्रुति पुत्री प्रवीण लोहिया ढिगावा मंडी विज्ञान संकाय में 500 में से 467 अंक प्राप्त कर व मोनू पुत्र विजयपाल वासी हसान विज्ञान संकाय में 500 में से 467 अंक प्राप्त कर द्वितीय व निशा पुत्री आनंद द्वारका ने वाणिज्य संकाय में 500 में से 461 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। तीन विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। 12वीं कुल 174 विद्यार्थियों में से 41 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की है जिनमें 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक व 33 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्य राजबीर आर्य ने बताया कि 10वीं के परिणाम में दिव्या पुत्री रामनिवास बड़दू चैना ने 500 में से 493 अंक प्राप्त किए।

## बीपीएस के छात्र 10वीं, 12वीं में छाए

- इतिहास, सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

भिवानी पब्लिक स्कूल भिवानी का सीबीएसई 12वीं के तीनों संकाय एवं 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत– प्रतिशत रहा। स्कूल के 10वीं और 12वीं के छात्रों ने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में हमारे छात्रों ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं। 10वीं में नमन ग्रेवाल 97.8 प्रथम, दिव्या प्रिया 97.2 द्वितीय, अभिनव कुशवाहा 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नमन ग्रेवाल ने गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान में 100 फीसदी अंक प्राप्त किए। सामाजिक विज्ञान व कंप्यूटर में दिव्या प्रिया ने 100 हिंदी में भविष्य ने 99 अंग्रेजी में दिव्या प्रिया, छाया में 94 फीसदी अंक प्राप्त किए है। 27 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कंप्यूटर में 55 छात्रों ने,हिंदी में 48 छात्रों ने,विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में 27 छात्रों ने प्राप्त किए।



**भिवानी।** खुशी मनाते विद्यार्थी।

#### उपलब्धि पर जताई खुशी

निर्देशिका आशा पाहुजा ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, /"हमें अपने छात्रों पर गर्व है जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।/"स्कूल सचिव पुलकित पाहुजा एवं शिक्षकों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी

#### मेरिट वाले छात्र

विज्ञान संकाय में दिव्या 94.6 प्रतिशत, लावण्या 94 प्रतिशत ,कनिष्का और दीपू शर्मा संयुक्त रूप से 90.4% अंक अमनदीप 90 प्रतिशत, रक्षित ढुडेजा 88.6 प्रतिशत अंक , वंशिका 88.8 % ,कला संकाय में बबीता ने 87 प्रतिशत,रितिका ने 81.4 प्रतिशत अंक, यश कुमार ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अंग्रेजी में 19 छात्रों ने 90%से अधिक अंक प्राप्त किए।

## आदर्श वमावि के विद्यार्थियों ने फिर लहराया परचम



भावना अंजली मनीषा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कक्षा 12वीं के सारे विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। विद्यालय निदेशक विकास यादव व प्रधानाचार्य ताराचंद यादव ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी व विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उप-प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि कुल 32 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है, जिसमें भावना पुत्री मोहनलाल ने 94 प्रतिशत अंक, अंजली पुत्री सुंदर सिंह ने 93 प्रतिशत अंक व मनीषा पुत्री रविंद्र ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा चेतना, साक्षी व दीपांशु ने भी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। शानदार परीक्षा परिणाम के लिए समस्त स्टाफ सदस्यों ने बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी व बच्चों को कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

## साक्षी व दीपांशु के 97.4% अंक

- उत्कष्ट रहा केएम पब्लिक स्कूल का 10वीं 12वीं का परिणाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

सीबीएसई दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें केएम. पब्लिक स्कूल की 12वीं व 10वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं से कला संकाय में साक्षी गौड़ तथा दीपांशु घनघस ने 97.4 प्रतिशत, नॉन मेडिकल में वंश मलिक ने 95.2 प्रतिशत, वाणिज्य विभाग में निधि ने 94.2 प्रतिशत तथा मेडिकल संकाय में बानी दीवान ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने-अपने संकाय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया तथा 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। पेंटिंग विषय में अभिषेक, पलक जांगड़ा, सिमरन, वंशिका सैनी, सिमरन, दीपांशु घनघस, अंतिम जैन तथा भव्या ने 100 अंक प्राप्त किए। 10वीं से टॉप 24 विद्यार्थियों में से मीनाक्षी ने 97.6 % अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। चेतन, ऋषिका, रोहन कुमार, कुणाल भट्ट, गौरव वशिष्ठ, पलक कुमारी, रिद्धि, सिया, ईशान भारद्वाज, सार्थक, भाविका, मन्नत, गुंजन, ज्योति, राघव, दीक्षा, अक्षिता, ख्वाहिश, नियति, अंश द्विवेदी, तनु, आरती तथा यथार्थ ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। राघव ने गणित व आई. टी. विषयों में 100 अंक प्राप्त किए तथा ख्वाहिश, दीक्षा, योगेश आदि 100 अंकों के साथ पास हुए।



**भिवानी।** परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के साथ शिक्षक।

## सफलता पर झूमे आदर्श एकेडमी ऑफ साइंस के छात्र

# 10 वीं और 12 वीं का परिणाम शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिवानी

गुजरानी मोड पर स्थित आदर्श अकैडमी ऑफ़ साइंस ,आदर्श विद्या मंदिर का सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । जेईई मेन की तरह अकादमी ने बोर्ड परीक्षा में भी एक नया कीर्तिमान रचा। सफलता पर विद्यालय में जश्न का माहौल रहा। कक्षा 12वीं में मेडिकल, नॉन मेडिकल में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निशांत ने नॉन मेडिकल के विषयों में 98.33 लेकर बाजी मारी। मेडिकल में अंजलि ने 97.2 प्रतिशत,सृष्टि ने 96.6 प्रतिशत, अर्पित गर्ग ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल के 23 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया । 57 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किए विषय वार अंग्रेज़ी में 23 भौतिकी में 23 रसायन विज्ञान में 19 गणित में 17, जीव विज्ञान में 9, संग में 73 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। निशांत ने विज्ञान के विषयों में 98.33 प्रतिशत प्राप्त कर बाजी मारी । मेडिकल ग्रुप में अंजलि 97.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही । अर्पित, सृष्टि, साक्षी, पियूष, मानसी, नेहल, प्रत्यूष, पूजा, तनुज, मधु आदि विद्यार्थियों ने अपनी बेहतरीन प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन किया।



**भिवानी।** बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर खुशी मनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### सरसा घोघड़ा स्कूल अनिशा व नेहा ने बुनियाद परीक्षा लेवल-3 में पास

**भिवानी।** बुनियाद परीक्षा लेवल-3 में इस बार भी सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में जिले के गांव सरसा घोघड़ा स्थित वीर शहीद महिपाल राजकीय माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं अनिशा व नेहा ने न सिर्फ परीक्षा में अव्वल रहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था पर लोगों का भरोसा भी और मजबूत किया। बुनियाद परीक्षा लेवल-3 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मंगलवार को मुख्याध्यापिका पूनम टुटेजा सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने सम्मानित किया तथा उनकी उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया। इस मौके पर मुख्याध्यापिका पूनम टुटेजा ने कहा कि बुनियाद परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा और समझ को आंकना है। विद्यालय की छात्रा अनिशा व नेहा ने बुनियाद परीक्षा में सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि दोनों ही छात्राओं का पढ़ाई के प्रति उनका समर्पण और कठिन परिश्रम उन्हें भीड़ से अलग करता है। सरकारी स्कूलों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस जरूरत मौका देने की है।

### श्री लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय का नाम चमका, परिणाम रहा शानदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶बवानीखेड़ा

श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने इस वर्ष की बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक नया कीर्तिमान बनाया। स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त किए हैं, जिससे विद्यालय और अभिभावकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। प्राचार्या सोनिका धींगडा ने बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 58 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 26 छात्र बोर्ड मेरिट में उत्तीर्ण रहे। सबसे अधिक अंको के साथ मयंक सुपुत्र सत्यकुमार और राखी सुपुत्री दीनानाथ ने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया ।विद्यालय में 05 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और कुल 21 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। विद्यालय का ओवरआल रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्या ने कहा, "यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत से उपलब्धि पाई।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़, CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र : 9416296903, 8168362612